कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–12, अप्रैल 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## जम्मू–कश्मीर के डीलर्स को कामधेनु का मार्केटिंग मंत्र

स्टील और कंस्ट्रक्शन मैटेरियल क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने जम्मू–कश्मीर में अपनी बाजार हिस्सेदारी में और इजाफा करने का इरादा जताया है। कंपनी ने जम्मू–कश्मीर में अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए हाल ही मे एक डीलर्स मीट आयोजित की जिसमें कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य में अपनी मार्केटिंग रणनीतियों का खुलासा किया।

जम्मू की डीलर्स मीट में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इनमें श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जीएम), श्रीमती आरती सरकार, एजीएम (बिजनेस डेवलपमेंट), श्री चंदन गोस्वामी, सीनियर मैनेजर (ब्रैंड प्रोमोशन), श्री योगेश वर्मा, सीनियर मैनेजर, (गुणवत्ता विभाग) और श्री किशन धर, सीनियर मैनेजर (जम्मू क्षेत्र) अहम थे। इस कार्यक्रम में जम्मू और कश्मीर के 150 से ज्यादा डीलर्स ने हिस्सा लिया।

जम्मू–कश्मीर में लाइसेंस यूज़र समझौते के तहत कामधेनु टीएमटी के अधिकृत निर्माता मैसर्स विजय स्टील इंडस्ट्रीज़ के निदेशक श्री अजय अग्रवाल, श्री संजय अग्रवाल और श्री पंकज अग्रवाल ने भी डीलर्स मीट में शिरकत की।

श्री दिलीप मेहरा ने सभी डीलर्स को जम्मू–कश्मीर के बाजार में लगातार विस्तार करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, "हमारे डीलर्स के लिए राज्य में बेहतर प्रदर्शन के अच्छे मौके हैं क्योंकि यहाँ अब भी कई क्षेत्र हैं जहाँ बाजार विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। चूँकि हम वाजिब कीमत पर बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया कराते हैं इसलिए हमारे डीलर बाजार में आसानी से अपने प्रतियोगियों से मुकाबला कर सकते हैं।"

कंपनी के रणनीति का समर्थन करते हुए श्री अजय अग्रवाल ने कहा, "जम्मू–कश्मीर में हमारे पास एक मजबूत और भरोसेमंद डीलर्स का नेटवर्क है। राज्य के दूर–दराज के इलाकों में ग्राहकों तक हमारी पहुँच व कंपनी के उत्पादों और सेवाओं की बेहतरीन डिलीवरी इसकी गवाह है।"

इससे पहले श्री किशन धर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि डीलर्स के लिए यह एक बेहतरीन अवसर है कि वे कामधेनु के विभिन्न उत्पादों को बाजार में आपूर्ति कर बेहतर मुनाफा कमा सकते हैं। इसके साथ ही साथ उन्होने राज्य में नये ग्राहकों तक अपनी पहुँच बनाने के लिये सभी मौजुद डीलर्स को जरूरी सुझाव दिये।

डीलर्स के साथ बातचीत करते हुए कामधेनु के सीनियर अधिकारियों ने राज्य में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कंपनी ने पिछले एक साल में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुछ डीलर्स को सम्मानित भी किया।










# सुधर रही है देश की आर्थिक सेहत



विदेशी और घरेलू माँग में सुस्ती से जूझ रही देश की अर्थव्यवस्था की हालत में सुधार दिखने लगा है। यही वजह है कि दिग्गज वित्तीय संस्थान गोल्डमैन सैक्स ने अनुमान जताया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में देश की जीडीपी विकास दर 6.4% हो सकती है।

देश की अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत अभी से ही मिलने लगे हैं। मार्च में लगातार तीसरे महीने में निर्यात में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इस दौरान देश का निर्यात 6.7 फीसदी बढ़ा है। वहीं मार्च में आयात में थोड़ी कमी आई है, जिससे व्यापार घाटा 10 महीने के निचले स्तर पर पहुँच गया है।

मार्च में थोक महंगाई दर 6 फीसदी के नीचे फिसल गई है। ऐसे में 3 मई को होने वाली समीक्षा बैठक में रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में और कटौती की उम्मीद बढ़ गई है। ऐसा होने पर होम लोन, कार लोन के साथ दूसरे कर्ज भी सस्ते होंगे, जिसका फायदा स्टील व कंस्ट्रक्शन उद्योग को मिलेगा।

सरकार ने बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बड़ी परियोजनाओं को जल्द मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन इनवेस्टमेंट यानी सीसीआई का गठन किया है। इससे देश में निवेश की रफ्तार तेज होने की उम्मीद है। इसके साथ ही दुनिया भर में कच्चे तेल और दूसरी वस्तुओं की कीमतों में गिरावट का फायदा भी भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा।



# निर्यातकों को मिला राहत पैकेज

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री आनंद शर्मा ने विदेश व्यापार नीति की सालाना समीक्षा के तहत निर्यातकों के लिए राहत पैकेज का ऐलान किया है।

इनमें सबसे अहम यह है कि सरकार द्वारा एक्सपोर्ट प्रोमोशन कैपिटल गुड्स यानी ईपीसीजी स्कीम में सभी सेक्टर को शामिल कर लिया गया है। इस योजना के तहत कंपनियों को उपकरणों के आयात पर आयात शुल्क नहीं देना पड़ता है।

सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र यानि एसईजेड के लिए नियम आसान कर दिए हैं। एसईजेड के लिए जमीन की न्यूनतम जरूरत आधी कर दी गई है। बहुउद्देश्यीय एसईजेड के लिए 1000 हेक्टेयर के बजाय 500 हेक्टेयर जमीन की जरूरत होगी। वहीं विशेष क्षेत्र के एसईजेड के लिए 100 हेक्टेयर के बजाय 50 हेक्टेयर जमीन ही काफी होगी।

सरकार द्वारा ब्याज में 2 फीसदी ब्याज छूट की योजना में टेक्सटाइल और इंजीनियरिंग गुड्स क्षेत्र को भी शामिल कर लिया गया है। सरकार ने फोकस मार्केट योजना में नॉर्वे को शामिल किया है।

# बीजेपी ने तेज की चुनाव की तैयारियां

भारतीय जनता पार्टी ने 2014 में प्रस्तावित लोकसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने हाल ही में अपने नए संसदीय बोर्ड का ऐलान किया है। संसदीय बोर्ड में गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की 6 साल बाद वापसी हुई है। मोदी की वापसी से साफ है कि वो लोकसभा चुनावों में बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं।

मोदी के विश्वासपात्र सहयोगी और गुजरात के पूर्व गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी और अनंत कुमार, तथा युवा सांसद वरुण गांधी को पार्टी महासचिव बनाया गया है। बीजेपी की नई टीम में मोदी का वर्चस्व साफ तौर पर देखा जा सकता है।

बीजेपी द्वारा प्रधानमंत्री पद के प्रबल दावेदार के तौर पर प्रचारित किए जा रहे नरेंद्र मोदी ने अपनी ओर से चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। दिल्ली में वे अप्रैल महीने में ही 2 बार उद्योग जगत के सामने जोरदार भाषण दे चुके हैं। हालाँकि पार्टी ने नरेंद्र मोदी को औपचारिक तौर पर प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं घोषित किया है लेकिन उनके तेवरों से साफ है कि अगले चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।





2013–14 के बजट में उद्योग की रफ्तार बढ़ाने के लिए कुछ सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। ऐसे में हम सबको मिल जुलकर आगे का सफर तय करना होगा।"

श्री विवेक माहेश्वरी, एजीएम (बिजनेस डेवलपमेंट) ने डीलर्स के योगदान की सराहना करते हुए कहा, "कामधेनु को अपने विशाल डीलर – डिस्ट्रब्यूटर नेटवर्क पर बेहद गर्व है, जो हमारी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है।"

दो दिन की इस मेगा डीलर्स मीट में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्रीमती इशिता अग्रवाल, श्री विनोद गहलौत, जीएम (पंजाब क्षेत्र), श्री अमित सोनी, एजीएम (बिजनेस डेवलपमेंट) के साथ पंजाब क्षेत्र के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# जयपुर में आयोजित कामधेनु की पंजाब चैनल पार्टनर मीट

बुनियादी ढांचा क्षेत्र में देश की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड, विकास के उस चरण में पहुँच गई है कि उसे अपने डीलर नेटवर्क में और अधिक विस्तार करने की जरूरत महसूस होने लगी है। कंपनी ने अपने उत्पादों की पहुँच दूर–दराज के इलाकों तक सुनिश्चित करने के लिए देश भर में अपने डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क का विस्तार करने का इरादा जताया है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने 22 और 23 मार्च 2013 को चैनल पार्टनर मीट के तहत जयपुर में हुई पंजाब के डीलर्स की बैठक में डीलर–डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क विस्तार के बारे में अपने इरादे साफ कर दिए। होटल कांबे गोल्फ रिसॉर्ट में आयोजित इस मेगा मीट में पंजाब के 240 से ज्यादा डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने हिस्सा लिया। श्रीमती सरिता अग्रवाल इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी डीलर्स को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने डीलर्स को मार्केटिंग के नये तौर–तरीके सिखाने के साथ कामधेनु की बढ़ती ब्रैंड वैल्यु के बारे में विस्तार से बताया। श्री अग्रवाल ने डीलर्स को उत्साहित करते हुए कहा, "धारा के साथ तैरना हर किसी के लिए आसान होता है लेकिन अब चुनौती धारा के विपरीत तैरने की है। चूँकि भारत में बाजार के हालात बहुत उत्साहजनक नहीं हैं, ऐसे में हमें विकास के पथ पर लगातार अग्रसर रहने के लिए दोगुनी मेहनत करनी पड़ेगी।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने डीलर्स को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित करते हुए कार्यक्रम के दौरान सुपर डीलर और बेस्ट सपोर्टिंग डीलर पुरस्कार वितरित किए।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड के लाइसेंस यूज़र समझौते के तहत कामधेनु टीएमटी का उत्पादन करने वाले मैसर्स आर के इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर श्री रमेश गोयल और मैसर्स बंसल इस्पात उद्योग के डायरेक्टर श्री विजय बंसल ने कामधेनु के उत्पादों की बेहतरीन गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री रितेश अग्रवाल
**मैसर्स एस. एस. सप्लायर्स**
ककरमत्ता, वाराणसी
मो.– 9336911415

श्री सुरेश पटेल
**मैसर्स शिवम हार्डवेयर एण्ड प्लाईवुड**
जे.एल. हॉल, नियर पेट्रोल पम्प,
150 फुट रिंग रोड, राजकोट
फोन – 0281–2369505
मो.– 99796 00837

श्री पारा एन. जी.
**मैसर्स एन. आर. स्टील्स**
रिंग रोड क्रॉस सेदाम रोड,
इंडियन पेट्रोल पम्प से पास,
गुलबर्गा–585105
मो.– 09448093888

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 25.03.2013






# कामधेनु ने हिमाचल में बाजार हिस्सेदारी और अधिक मज़बूत की

बाजार में लंबे समय तक वही कंपनी टिकने में कामयाब रहती है, जो अपने उत्पादों में लगातार आधुनिकीकरण करती रहती है। स्टील क्षेत्र में देश की चुनिंदा कंपनियों में शामिल कामधेनु इस्पात लिमिटेड भी इसी धारणा में विश्वास रखती है। यही वजह है कि कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश जैसे महत्वपूर्ण बाजार में अपनी स्थिति बेहद मज़बूत कर ली है।

कामधेनु इस्पात हिमाचल प्रदेश के बाजार में लगातार नए उत्पाद पेश कर रही है। कंपनी ने 31 मार्च और 1 अप्रैल 2013 को शिमला के होटल मरीना में आयोजित रीजनल मीट, 'उमंग' में अपने उत्पादों और भविष्य की मार्केटिंग नीति पर विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम में 200 से ज्यादा डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने शिरकत की।

कारोबार विस्तार का इरादा जताते हुए कामधेनु इस्पात लिमिटेड के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "कंपनी ने देश के कोने–कोने में अपने उत्पादों की सुचारू पहुँच सुनि–श्चित करने के लिए विशाल डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क तैयार किया है। हमारा बिजनेस मॉडल बेहद कुशल और विकासमुखी है। हम लगातार नए–नए क्षेत्रों में अपनी पहुँच बढ़ा रहे हैं। देश भर में फिलहाल कामधेनु इस्पात लिमिटेड के पास 6000 से ज्यादा डीलर्स हैं, जो कंपनी के विशाल नेटवर्क का गवाह है।"



श्री अग्रवाल ने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स से बात करते हुए कहा कि कंपनी ने हिमाचल प्रदेश के बाजार में अपनी हिस्सेदारी मे लगातार विस्तार कर रही है। उन्होंने कंपनी की कामयाबी में डीलर्स और डिस्ट्रब्यूटर्स के योगदान की भरपूर सराहना की। श्री अग्रवाल ने साफ किया कि कंपनी के डीलर्स ग्राहकों को बेहतरीन गुणवत्ता के टीएमटी स्टील की आपूर्ति करने के साथ अच्छा मुनाफा भी आसानी कमा सकते हैं।

इस मौके पर श्री विवेक माहेश्वरी, एजीएम (बिजनेस डेवलपमेंट), श्री अमित सोनी, एजीएम (ब्रैंड प्रोमोशन) और श्री राकेश मिसरी जैसे वरिष्ठ मार्केटिंग अधिकारियों ने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स से कंपनी के नए उत्पादों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने डीलर्स के लिए कुछ नई योजनाओं की भी घोषणा की।

हिमाचल प्रदेश में लाइसेंस यूज़र समझौते के तहत कामधेनु टीएमटी के अधिकृत निर्माता मैसर्स हिम एलॉयस एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर श्री अभिषेक राजा और श्री अजय अग्रवाल, मैसर्स रेडियंट कास्टिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर, श्री एस के अग्रवाल और मैसर्स आर आर कास्टिंग्स के डायरेक्टर श्री अमन मित्तल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर पिछले वर्ष बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को सुपर डीलर और बेस्ट सपोर्टिंग डीलर के पुरस्कार से नवाजा गया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com